SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017

Second Language - HINDI

PART - A & B

Class : VIII   Max. Marks : 80   Time : 2.45 Mts.

सूचना : 1. प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
2. प्रश्न पत्र के उत्तर लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।
3. भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर - पुस्तिका में लिखिए ।
4. भाग 'A' के लिए दो (2) घंटे का समय निर्धारित है ।

Marks : 60   PART – A

I. **अर्थग्राह्यता प्रतिक्रिया :**

1. **निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए ।**

एक बार जंगल में राजेश नामक लड़का जा रहा था । रास्ते में उसे एक सोने का सिक्का मिला । वह सोचने लगा - "यह सिक्का मेरा तो है ही नहीं, इसे क्या करूँ लेकर ... जाने किस बेचारे का सिक्का यहाँ गिर गया है । अब न तो इसे रख सकता हूँ और न ही फेंक सकता हूँ, क्या करूँ इसका ?"

प्रश्न : 5 X 1 = 5

1. लड़के का नाम क्या था ?
2. रास्ते में उसे क्या मिला ?
3. सिक्का किस धातु का है ?
4. राजेश ने क्या सोचा ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

2. **निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर विकल्प से चुनकर कोष्ठक में लिखिए ।**

हमें तीन चीजों की ज़रूरत है - खाना कपडा और मकान । खाने की चीजें जैसे अनाज तरकारी आदि हमें किसान देते हैं । किसान गाँवों में रहते हैं । वे पहले खेत जोतते हैं । बाद में पानी सींचते हैं । और बीज बोते हैं ।

प्रश्न : 5 X 1 = 5

1. हमें कितने चीजों की जरूरत हैं ? [ ]
   A) एक B) तीन C) चार D) पाँच

[Turn Over...

2. खाने की चीजें क्या - क्या हैं ? [ ]

A) पुस्तक - पेन B) कपडा - साबुन

C) अनाज - तरकारी D) रूपये - पैसे

3. किसान कहाँ रहते हैं ? [ ]

A) गाँव में B) शहर में C) नगर में D) बस्ती में

4. किसान पहले क्या करता है ? [ ]

A) सोता है B) जागता है

C) खाता है D) खेत जोतता है

5. गाँव शब्द का विलोम शब्द क्या है ? [ ]

A) बस्ती B) देश C) शहर D) राज्य

3. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए ।

अगर न होता पेड़ भला फिर
हरियाली फैलाता कौन ?
अगर न होते फूल बताओ
खिल - खिल कर मुस्काता कौन ?
अगर न होते बादल नभ में
इंद्रधनुप रच पाता कौन ?

प्रश्न : 5 X 1 = 5

1. हरियाली कौन फैलाता है ?
2. फूल का मुस्कान कैसा होता है ?
3. बादल नभ में क्या रचता है ?
4. ये सभी प्रश्न कौन उठाते हैं ?
5. यह पद्यांश किस कविता से लिया गया है ?

4. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर कोष्ठक में लिखिए ।

भेद - भाव अपने दिल से, साफ कर सकें
दूसरों से भूल हो तो, माफ़ कर सकें
झूठ से बचे रहे, सच का दम भरे
दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें ।

प्रश्न : 5 X 1 = 5

1. अपने दिल से किस को साफ़ करना है ? [ ]

A) भेद - भाव B) समान भाव C) मित्र भाव D) प्रेम भाव

[Contd...3

2. दूसरों से भूल हो तो क्या करना है ? [ ]

A) साफ करना है B) सज़ा देना है

C) माफ करना है D) आदर करना है

3. हमें किससे बचे रहना है ? [ ]

A) सच से B) झूठ से C) दया से D) कृपा से

4. हमें अपना दम किससे भरना है ? [ ]

A) हवा से B) द्वेष से C) असत्य से D) सच से

5. "जय" शब्द का विलोम शब्द क्या है ? [ ]

A) विजय B) पराजय C) सुजय D) अजय

II. <u>अभिव्यक्ति सृजनात्मकता :-</u>

स्वरचना :-

निम्न प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । **6 X 3 = 18**

5. साथ - साथ चलने से क्या लाभ है ?
6. चाँद और सूरज हमें किस प्रकार मदद करते हैं ?
7. बालस्वरूप राही के बारे में आप क्या जानते हैं ?
8. राजा का स्वभाव आप को कैसा लगा ?
9. बाँस से बंसोर क्या - क्या चीजें बनाता है ?
10. उपग्रहों से हमें कौन सी जानकारी मिलती है ?

III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए । 6

11. 'होंगे कामयाब' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया । अपने शब्दों में लिखिए ।
12. "प्रकृति से हमें अनेक लाभ हैं ।" कौन कविता के आधार पर सिद्ध कीजिये ।

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए । 6

13. "गाँव भारत की रीढ़ हैं ।" इस पर अपने विचार लिखिए ।
14. राजेश ने अपनी बातों से राजा को कैसे बदल दिया । "राजा बदल गया" कहानी के आधार पर लिखिए ।

सृजनात्मकता :-

V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । 5

15. अपनी दादी की तबीयत ठीक नहीं है । इस कारण तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पर पत्र लिखिए ।

16. अपने जन्म दिन पर आमंत्रित करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । 5

17. "कृत्रिम उपग्रह प्रगति का सूचक है ।" इस पर एक निबंध लिखिए ।

18. हमारे जीवन का आधार वृक्ष हैं । इस पर अपने विचार लिखिए ।